# महाबली हनुमान | By Sunil Sarvottam

जय जय जय, जय जय जय
महावीर जय जय हनुमान

मंगलकर्ता संकटहर्ता पवन पुत्र हनुमान
जय हो महाबली बलवान
कर दो भक्तों का कल्याण
अला बलाएँ दूर करो हे बालाजी भगवान
जय हो महाबली बलवान
कर दो भक्तों का कल्याण

बालाजी तेरा धाम
बनते हैं बिगड़े काम

ग़म के मारे आते हैं जो बालाजी के द्वारे
उन भक्तों के कर देते हैं पल में वारे न्यारे
हो जाता है उनके सारे दुखडो का निदान
जय हो महाबली बलवान
कर दो भक्तों का कल्याण

जय जय जय, जय जय जय
महावीर जय जय हनुमान

सब देवो के काज सँवारे अजब तुम्हारी शक्ति
राम भक्त कहलाते जग में अमर तुम्हारी भक्ति
चारो जुग प्रताप तुम्हारा पूजे कुल जहान
जय हो महाबली बलवान
कर दो भक्तों का कल्याण
मंगलकर्ता संकटहर्ता पवन पुत्र हनुमान
जय हो महाबली बलवान
कर दो भक्तों का कल्याण

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-sunil-sarvottam/